कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा-प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

एस0 एन0 पी0 एम0 +2 विद्यालय कैंपस, प्रथम तल, ओ0 बी0 सी0 हॉस्टल, मधेपुरा– 852113

पत्रांक...../ मधेपुरा, दिनांक ...../2016

प्रेषकः

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा ।

सेवा में,

श्री ब्रजकिशोर सिंह,
कनीय अभियंता, 'ग्वालपाड़ा'
बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा।

विषयः स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में उ0म0वि0 कमलपुर, प्रखण्ड-ग्वालपाड़ा को 5ACR भवन का प्रथम किस्त मो0-22,47000=00 (बाईस लाख सैतालीस हजार रुपये मात्र) आवंटित किया गया था। परन्तु 5ACR भवन के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण उ0म0वि0 कमलपुर की प्रधानाध्यापिका द्वारा उक्त राशि ब्याज सहित मो0-23,06852=00 (तेईस लाख छह हजार आठ सौ बावन रुपये मात्र) का चेक दिनांक-19.03.2015 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को वापस कर दी थी। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से उक्त चेक आपके पास भेजा गया ताकि संचिका से उक्त राशि का समायोजन किया जाय। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मौखिक रूप से बार-बार कहने के उपरान्त भी आपके द्वारा लगभग 21 माह बीत जाने के पश्चात भी उक्त राशि के समायोजन की संचिका उपस्थापित नहीं की गयी। जिस कारण विभाग को वित्तीय नुकसान भी हुआ है जबकि समायोजन को लेकर राज्य कार्यालय द्वारा बार-बार कड़े एवं गंभीर पत्र व निदेश प्राप्त हैं। आपका यह कृत्य राज्य कार्यालय के आदेश की अवहेलना, स्वेच्छाचारिता, कार्य के प्रति घोर उदासीनता एवं उदंडता को दर्शाता है। इस कृत्य के लिए क्यों ना आपको कार्य मुक्त करने हेतु राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को अनुशंसित किया जाय।

अतः निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

ज्ञापांक-.....10..... मधेपुरा दिनांक...07/01.../2017

प्रतिलिपि-जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि-जिला पदाधिकारी, मधेपुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि- असैनिक कार्य प्रबंधक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को सूचनार्थ सादर समर्पित।
प्रतिलिपि- राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना को सूचनार्थ सादर समर्पित।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक : असैनिक / जाँच / 2005–06 / पार्ट–IX 166 दिनांक 12 / 01 / 2017

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान,
मधेपुरा।

विषय :– **श्री ब्रज किशोर सिंह, कनीय अभियंता, बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा के स्पष्टीकरण के संबंध में ।**

प्रसंग:– आपका पत्रांक 10 दिनांक 07.01.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री ब्रज किशोर सिंह, कनीय अभियंता, बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा से प्राप्त स्पष्टीकरण पर अपने मंतव्य के साथ अद्यतन स्थिति से इस कार्यालय को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

(भोला प्रसाद सिंह)
असैनिक कार्य प्रबंधक (प्रभारी)

ज्ञापांक:– असैनिक / जाँच / 2005–06 / पार्ट–IX/ 166 दिनांक: 12 / 01 / 2017

प्रतिलिपि:– श्री ब्रज किशोर सिंह, कनीय अभियंता, प्रखंड– गवालपाड़ा, बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

असैनिक कार्य प्रबंधक (प्रभारी)

E: Shabina Folder/ Letter 9
website: www.bepcssa.in, e.mail: ssabihar@gmail.com
Telephone no. 0612-2667168
Fax: 0612- 2667190